Under CSR Support by ipca Foundation | missiongyan

# अध्याय – 02 | यूरोप में समाजवाद एवं रूसी क्रांति

## QUIZ-01

1. **उदारवादियों का मुख्य उद्देश्य क्या था?**
   A. असीमित राजसत्ता का समर्थन
   B. सभी धर्मों को बराबर सम्मान देना और व्यक्ति के अधिकारों की रक्षा करना
   C. निजी सम्पत्ति का विरोध
   D. मजदूर वर्ग की सरकार स्थापित करना (B)

*व्याख्या :* उदारवादी व्यक्ति की स्वतंत्रता, सभी धर्मों को सम्मान, प्रतिनिधित्व आधारित सरकार और कानून व्यवस्था के पक्षधर थे।

2. **उदारवादी किसके पक्ष में नहीं थे?**
   A. प्रतिनिधित्व आधारित सरकार
   B. संपत्तिधारियों को वोट देने का अधिकार
   C. सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार D. सुप्रशिक्षित न्यायपालिका (C)

*व्याख्या :* उदारवादी सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार के पक्ष में नहीं थे, वे केवल संपत्तिधारियों को ही वोट देने का अधिकार चाहते थे।

3. **रैडिकल समूह किस प्रकार की सरकार के पक्षधर थे?**
   A. पूर्ण राजशाही
   B. बहुमत आधारित सरकार
   C. चर्च आधारित सरकार
   D. सैन्य शासन (C)

*व्याख्या :* रैडिकल बहुमत आधारित सरकार के पक्षधर थे और बड़े ज़मींदारों व धनी उद्योगपतियों के विशेषाधिकारों का विरोध करते थे।

4. **रूढ़िवादी किसके विरोधी थे?**
   A. परंपराओं और धीरे-धीरे बदलाव के
   B. रैडिकल और उदारवादी विचारों के
   C. राष्ट्रीय एकता के
   D. मजदूर संगठनों के (B)

*व्याख्या :* रूढ़िवादी रैडिकल और उदारवादी दोनों के विरोधी थे, लेकिन 19वीं सदी तक वे भी बदलाव को आवश्यक मानने लगे।

5. **समाजवादियों का मुख्य विचार क्या था?**
   A. निजी सम्पत्ति का समर्थन
   B. सम्पत्ति पर समाज का नियंत्रण
   C. असीमित राजसत्ता का विस्तार
   D. केवल व्यापारियों का शासन (B)

*व्याख्या :* समाजवादियों का मानना था कि सम्पत्ति पर पूरे समाज का नियंत्रण होना चाहिए ताकि साझा हितों की रक्षा हो सके।

6. **'न्यू हार्मनी' समुदाय की स्थापना का प्रयास किसने किया था?**
   A. कार्ल मार्क्स B. रॉबर्ट ओवेन
   C. लुई ब्लांक
   D. फ्रीडरिक एंगेल्स (B)

*व्याख्या :* इंग्लैंड के उद्योगपति रॉबर्ट ओवेन ने अमेरिका के इंडियाना में 'न्यू हार्मनी' नामक समुदाय बनाने का प्रयास किया था।

7. **लुई ब्लांक किस विचार के समर्थक थे?**
   A. सरकार द्वारा सामूहिक उद्यमों को बढ़ावा देना
   B. निजी सम्पत्ति को बढ़ाना
   C. राजाओं की सत्ता को मजबूत करना
   D. चर्च के अधिकारों का विस्तार करना (A)

*व्याख्या :* लुई ब्लांक का मानना था कि सरकार को सामूहिक उद्यमों को बढ़ावा देना चाहिए ताकि सबको समान अवसर मिल सके।

8. **कार्ल मार्क्स के अनुसार मजदूर वर्ग को अपनी स्थिति सुधारने के लिए क्या करना होगा?**
   A. राजा का समर्थन
   B. पूँजीवाद और निजी सम्पत्ति पर आधारित शासन को उखाड़ फेंकना
   C. चर्च का सहारा लेना
   D. विदेशी शक्तियों से गठबंधन करना (B)

*व्याख्या :* कार्ल मार्क्स का मानना था कि मजदूरों को पूँजीवाद और निजी सम्पत्ति पर आधारित शासन को उखाड़ फेंकना होगा।

9. **भविष्य के समाज को कार्ल मार्क्स ने किस नाम से संबोधित किया?**
   A. समाजवादी समाज B. पूँजीवादी समाज
   C. साम्यवादी (कम्युनिस्ट) समाज
   D. उदारवादी समाज (C)

*व्याख्या :* कार्ल मार्क्स ने भविष्य के समाज को साम्यवादी (कम्युनिस्ट) समाज कहा, जिसमें सम्पत्ति पर सामूहिक नियंत्रण होगा।

10. **1871 की पेरिस कम्यून घटना किस कारण प्रसिद्ध है?**
    A. लाल झंडे का उदय और मजदूर सरकार की स्थापना
    B. चर्च की शक्ति का विस्तार
    C. फ्रांस का उपनिवेश विस्तार
    D. सार्वभौमिक मताधिकार का अंत (A)

*व्याख्या :* पेरिस कम्यून घटना मजदूरों और आम जनता द्वारा स्थापित जन सरकार और लाल झंडे के प्रतीक रूप में प्रसिद्ध है।

मिशन ज्ञान जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE! VIDEO COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App